अपोजी 2022 • बिट्स में कोरोना के कारण दो साल तक नहीं हो सका आयोजन, केंद्रीय रक्षा सचिव अजय कुमार ने किया उद्घाटन

बिट्स पिलानी के तकनीकी उत्सव अपोजी का आगाज

भास्कर न्यूज | पिलानी

बिट्स में गुरुवार को दो साल बाद वार्षिक तकनीकी उत्सव अपोजी-2020 का 40वां संस्करण शुरू हुआ। 10 अप्रैल तक चलने वाले इस उत्सव की थीम द एनक्रिप्टेड डायमेंशन है। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम, प्रदर्शनियां, व्याख्यान, पेशेवर शो आदि कार्यक्रम होंगे। दो साल बाद अपोजी का आयोजन कैंपस में हो रहा है। जिसमें भारत के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों से प्रतिभागी आ रहे हैं। उद्घाटन समारोह की शुरुआत बिट्स पिलानी के सभागार में शाम 7 बजे हुई। मुख्य अतिथि केंद्रीय रक्षा सचिव अजय कुमार थे। वे 1985 बैच के आईएएस अधिकारी हैं और आईआईटी कानपुर के पूर्व छात्र हैं। अध्यक्षता बिट्स डायरेक्टर सुधीर कुमार बर्राई ने की।

पिलानी. बिट्स पिलानी में गुरुवार को वार्षिक तकनीकी उत्सव अपोजी-2020 के 40वें संस्करण का शुभारंभ करते अतिथि व समारोह में उपस्थिति विभिन्न राज्यों से आए स्टूडेंट्स।

प्रतिभा का प्रदर्शन : नॉन स्टॉप 96 घंटे चलने वाले इस कार्यक्रम में देश के विभिन्न राज्यों के स्टूडेंट्स शामिल होंगे

बिट्स में नॉन स्टॉप 96 घंटे चलने वाले इस कार्यक्रम के दौरान देश के विभिन्न राज्यों से स्टूडेंट भाग लेंगे। केंद्रीय सचिव अजय कुमार ने कहा कि वे पहली बार पिलानी आए हैं। बिट्स के छात्रों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सोचे जा रहे विश्व गुरु भारत की नींव दिखाई दे रही है। ये स्टूडेंट आगामी भारत की उम्मीद है जो देश को एक पहचान देंगे। आत्मनिर्भर भारत के सपने को साकार करने में स्टूडेंट्स की महत्ती भूमिका है। नॉन स्टॉप चलने वाले इस कार्यक्रम में देशभर के विभिन्न प्रांतों के स्टूडेंट्स अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। इस मौके पर प्रो. एपीसिंह, प्रो. नवीनसिंह, प्रो. एसके वर्मा, रमेशकुमार सहित स्टूडेंट्स मौजूद थे। इस दौरान तीन दिवसीय वार्ता श्रृंखला का आयोजन होगा जिसमें नासा के प्रोग्राम साइंटिस्ट डॉ. हेनरी थूप, जैफरी आर्कर, बेस्ट सेलिंग ऑथर, स्पेस क्राफ्ट एंड ऑपरेशन इंजीनियर मिस नागिन कॉक्स, डब्ल्यूएचओ की चीफ साइंटिस्ट डॉ. सौम्या स्वामीनाथन, इंडियन पैरालैम्पियन दीपा मलिक ने विचार प्रस्तुत करेंगे। इसके साथ ही इस दौरान प्रोफेशनल शो व्हैन चाय मैट टॉस्ट, अ मल्टीएंग्यूल इंडी-फॉक बैन्ड, लॉस्ट स्टोरीज का प्रदर्शन सनबर्न इलेक्ट्रॉनिक डांस म्यूजिक में किया जाएगा तथा आकाश गुप्ता और प्रत्युष चौबे द्वारा एनटूओ कॉमेडी नाइट का बिट्स पिलानी के ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।